## शुभ सन्देश

भारतीय शिक्षा समिति, जम्मू-कश्मीर द्वारा संचालित भारतीय विद्या मंदिर उच्च विद्यालय नैनसू ऊधमपुर द्वारा इस वर्ष प्रकाशित होने वाली विवरणिका पत्रिका के लिए सन्देश लिखते समय विषेश प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। विशेष इसलिए कि इस वर्ष विद्यालय नवनिर्मित सुंदर एवं विशाल भवन में स्थानांतरित हो रहा है।

इस भवन का सपना कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रांत प्रचाकर जम्मू कश्मीर एवं वर्तमान में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख मा० अरुण कुमार जी, पूर्व संगठन मंत्री भारतीय शिक्षा समिति मा० अशोक कौल जी, एवं वर्तमान संगठन मंत्री मा० प्रदीप कुमार जी द्वारा देखा गया था। इसके कार्यन्वयन में आदरणीय कपिल खन्ना जी एवं उनके परिवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सहयोग से ही इस भवन का वर्तमान स्वरूप में निर्माण संभव हो पाया। मा० सुरेंद्र गुप्ता जी की इस निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मा० नेकराम शर्मा जी के द्वारा हर प्रकार से निस्वार्थ संभव सहयोग के बिना इस विद्यालय परिसर की धरातल पर कल्पना संभव नहीं थी। इन सबका मैं हृदय की गहराईयों से आभार व्यक्त करता हूँ।

मानवजीवन को विकसित करने के लिए शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा इतिहास की नींव से भविष्य के सपनो को साकार किया जा सकता है। देशनिष्ठ शिक्षा पर आधारित हमारा विद्यालय उत्कर्ष शिक्षा प्रदान करने में सदैव तत्पर रहता है जो न केवल उन्हे आर्थिक रूप से सक्षम एवं स्वावलम्वी होने में समर्थ बनाता है बल्कि एक राष्ट्रनिष्ठ, सुचित्र एवं जिम्मेदार नागरिक बनने में भी सहयोग करता है।

विद्यालय के अध्यापकगण, छात्र, छात्राएं एवं विद्यालय से जुड़े सभी बन्धुजन इस महायज्ञ में कदम से कदम मिलाकर विद्यालय को आगे बढ़ाने में अपना सार्थक एवं सक्रिय योगदान देंगे, ऐसी अपेक्षा है।

समस्त विद्यालय परिवार को मेरी बहुत बहुत शुभकामनाएं।

सस्नेह

अरुण गुप्ता
सरंक्षक
भारतीय शिक्षा समिति, जम्मू-कश्मीर